# नासवी के कार्यकारिणी समिति के बैठक का प्रतिवेदन

## स्थान - राजीव नगर, पटना दिनांक: 24/06/2019

आज दिनांक 24 जून 2019 को नासवी के कार्यकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश सिंह के अध्यक्षता में राजीव नगर पटना में आयोजित की गई| बैठक के आरंभ में ही उड़ीसा के डंकानाल में एक दुर्घटना मे चार स्ट्रीट वेंडर्स के दुखद मृत्यु पर 1 मिनट का मौन शोक संवेदना व्यक्त किया गया| बैठक में कार्यकारिणी समिति के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए|

1. श्री चंद्रप्रकाश सिंह
2. श्री अरबिंद सिंह
3. श्री संजय चोपड़ा
4. श्री गोपाल सिंह लोधी
5. श्री प्रीतम सिंह
6. श्री टाइगर सिंह
7. श्री ओमप्रकाश देवड़ा
8. श्री गोकुल प्रसाद
9. श्री अभिषेक निगम
10. श्री देबजीत सेनापति
11. श्री एम.एम. कबीर
12. श्री कमलेश कुमार उपाध्याय
13. श्री अनवर शिरथी
14. श्री भास्कर उर्स
15. श्री वी मंगेशवरन
16. श्री के राजीव
17. श्री महेश भाई
18. श्रीमति चंद्रावती देवी
19. श्रीमति पूर्णिमा गुप्ता
20. श्रीमति रेणु शर्मा
21. श्रीमति ए पोचम्मा
22. अनीस फातिमा शेख

अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश सिंह ने सभी सदस्यो का औपचारिक रूप से स्वागत किया एवं बैठक में आज के बैठक का एजेंडा को चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से अधिग्रहित किया गया|

| समय | कार्यक्रम |
|---|---|
| **09:00 AM – 09:15 AM** | **पंजीयन** |
| 09:15 AM – 09:30 AM | स्वागत एवं एजेंडा अधिग्रहण |
| 09:30 AM – 11:00 AM | परियोजना पर प्रस्तुतिकरण एवं जमशेदपुर, पटना, भागलपुर, एवं वाराणसी |
| **11:00 AM – 11:15 AM** | **स्थानीय जपलान हेतु अवकाश** |
| 11:15 AM - 11:30 AM | गत बैठक की संपुष्टि |
| 11:30 AM – 12:00 AM | समन्वयक के प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण |
| 12:00 PM – 12:30 PM | प्रतिवेदन पर परिचर्चा एवं अधिग्रहण |
| 12:30 PM – 01:45 PM | राज्य से प्रस्तुतीकरण (5 मिनट प्रति राज्य ) |
| **01:45 PM – 02:30 PM** | **भोजनावकास** |
| 02:30 PM – 03:15 PM | स्ट्रीट फूड कार्यक्रम |
| 03:15 PM – 03:45 PM | नई सदस्यता / सदस्यता की स्थिति |
| 03:45 PM - 04:30 PM | वितीय प्रतिवेदन |
| **04:30 PM - 04:45 PM** | **स्थानीय जपलान हेतु अवकाश** |
| 04:45 PM - 05:00 PM | वार्षिक आम सभा पर परिचर्चा |
| 05:30 PM - 06:00 PM | भविष्य योजना |
| 06:00 PM - 06:30 PM | सेल्फ वोर्कर ग्लोबल पर परिचर्चा |
| 06:30 PM - 07:00 PM | अन्य मुद्दे एवं अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन |
| 08: 00Pm onwards | रात्री भोजन |

तत्पश्चात नासवी के द्वारा पटना, भागलपुर, जमशेदपुर एवं बनारस में किए जा रहे कार्यों के बारे में एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण किया गया| प्रस्तुतीकरण के दौरान एवं उसके बाद में कार्यकारिणी समिति के द्वारा अनेक प्रश्न पूछे गए जिसका कि वहां के संबंधित सिटी मैनेजर के द्वारा उसका जवाब दिया गया| सभी सदस्य भागलपुर में किए जा रहे वेंडिंग ज़ोन के कार्य से संबंधित डेवलपमेंट को बहुत सराहा और सभी ने यह महसूस किया कि उन्हे भी सिटि वेंडिंग प्लानिंग की एक कॉपी  मिलनी चाहिए ताकि वो अपने शहर मे उसका सदुपयोग टीवीसी के बैठको मे कर सके|

राष्ट्रीय समन्वयक श्री अरविंद सिंह ने नासवी से जुड़े सभी दस्तावेज को एवं सिटी वेंडिंग योजना की सॉफ्ट कॉपी एक पेन ड्राइव के माध्यम से सभी सदस्यों को उपलब्ध कराने की बात कही| जिसका सभी सदस्यों ने जोरदार ढंग से स्वागत किया|  इसके साथ ही उन्होने इन शहरो मे स्टाफ स्ट्रक्चर के बारे में भी चर्चा की उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर, जमशेदपुर एवं वाराणसी में अदिथि के सहयोग से वेंडर्स का कार्य किया जा रहा है अदिथी नासवी से सम्बद्ध एक अग्रणी संस्था है|

**कार्यो का एक संक्षिप्त विवरण :-**

| पटना | भागलपुर |
|---|---|
| • कुल सर्वेक्षण वेंडर्स - 12584<br>• आईडी कार्ड वितरित - 2210<br>• टीवीसी की कुल संख्या - 1<br>• TLF की कुल संख्या - 1<br>• विक्रेताओं को बाजार समिति में संगठित करना - 60<br>• कुल वेंडिंग ज़ोन - 128<br>• विक्रेताओं की संख्या को वेंडिंग जोन - 464 में जगह मिली<br>• सिटी वेंडिंग योजना - 1<br>• स्वीकृत वेंडिंग जोन - 17<br>• वेंडिंग जोन बोर्ड स्थापित - 7<br>• लंबित क्षेत्र योजना तैयार - 14<br>• मॉडर्न पुश कार्ट - 2<br>• पटना में आयोजित स्ट्रीट फूड फेस्टिवल - 1<br>• सहकारी गठन - 1<br>• स्वच्छ भारत यात्रा - 610 के तहत प्रशिक्षित प्रशिक्षक<br>• वेंडर्स मुद्रा लोन - 98 के साथ जुड़ते हैं<br>• विक्रेताओं ने वित्तीय सहकारी - 180 में शेयर लिया | • कुल सर्वेक्षण वेंडर्स - 2172<br>• टाउन लेवल फ़ैडरेशन - 01<br>• विक्रेताओं को बाजार समिति में संगठित करना - 24<br>• टीवीसी - 1<br>• TVC द्वारा अनुमोदित वेंडिंग ज़ोन - 58<br>• ULB - 42 द्वारा स्थापित ज़ोनिंग बोर्ड<br>• विक्रेताओं की संख्या को वेंडिंग जोन - 826<br>• में जगह मिली<br>• आईडी कार्ड का वितरण - 928<br>• स्वच्छ भारत यात्रा के तहत प्रशिक्षित वेंडरस की संख्या - 982 विक्रेताओं की संख्या<br>• वित्तीय सहकारी सदस्य की संख्या - 229 में सदस्यता ले ली<br>• वित्तीय सहकारी समिति में हिस्सा लिया सदस्य की संख्या - 198<br>• उज्ज्वला योजना - 12 के साथ कोई वेंडर लिंकेज नहीं<br>• मुद्रा ऋण के साथ विक्रेताओं जुड़ाव - 12 |
| जमशेदपुर | **वाराणसी** |
| • 11 मार्केट कमिटि का गठन ।<br>• 3218 वेण्डर्स कार्ड वितरित ।<br>• 228 नया वेण्डर्स कार्ड का आवेदन ।<br>• श्रामिक कार्ड का आवेदन (JSVU ) के द्वारा ।<br>• मान–धान योजना का आवेदन (JSVU) के द्वारा ।<br>• कॉ-आपरेटिव का रजिस्ट्रेशन कार्य प्रगति मे है ।<br>• फूड फेस्टिवल मे वेण्डर्स को सम्मिलित किया है ।<br>• 22 फरवरी जमशेदपुर के फूड फेस्टिवल मे 40 स्ट्रीट वेण्डर्स को फ्री मे स्टॉल (JSVU ) के द्वारा दिलाया गया, जिससे स्ट्रीट वेण्डर्स की अच्छी कमाई हुयी थी।<br>• फूड दुकान-दारो को साफ सफाई एवम फूड ट्रेनिग FSSAI के द्वारा दिलाया गया ।.<br>• 21 January वेण्डर्स दिवस मनाया जिसमे वेण्डर्स को 2014 के स्ट्रीट वेण्डर्स कानुन एवम मार्केट कमिटि का लाभ बताया गया।<br>• स्ट्रीट वेण्डर्स का सुची बनाया गया जिसमे जमशेदपुर स्ट्रीट वेण्डर्स कि पुर्ण जानकारी है ।<br>• स्ट्रीट वेण्डर्स को मुंशीपल से जगह जगह पर कचरा | • 24 मार्केट कमिटी का गठन।<br>• शहर र्स्तरीय संघ का गठन।<br>• 180 वेंडोर्स को आयुष्मान भारत का लाभ से जोरा गया।<br>• 12000 वेंडोर्स को आयुष्मान भारत का लाभ बताया गया।<br>• जिला र्स्तरीय कॉ- ओपरेटिव का रजिस्ट्रेशन कार्य प्रगति पर है।<br>• वेंडोर्स दिवस 20 जनवरी 19 कॉ मनाया गया जिसमे वेंडोर्स कॉ 2014 के स्ट्रीट वेंडोर्स कानून व मार्केट कमिटी का लाभ बताया गया ।<br>• स्ट्रीट वेंडोर्स कॉ डाटा वेस बनाया जा रहा है ।<br>• स्ट्रीट वेंडोर्स को जगह जगह पर निगम से कचरा पेटी दिलाया जा रहा है।<br>• निगम मे 29 वेंडिंग जोन की सूची जमा की गयी।<br>• तीन जगह पर वेंडिंग जोन का कार्य प्रगति पर है ।<br>• मार्केट कमिटी के सदस्यो का नेतृत्व प्रशिशन शिविर का आयोजन किया गया।<br>• राज्य नियमवाली का संछेपन कर वेंडोर्स को |

| | |
|---|---|
| पेटी दिलाया गया ।<br>• वेण्डर्स कानून को लागु करने के लिए मुख्यमंत्री माननीय रधुवर दास से मदद मांगी गयी।<br>• नगर पालिका से एवम नगर निगम से वेण्डिग ज़ोन कि मांग कि गयी।<br>• प्रधानमंत्री आवास योजना मे स्ट्रीट वेण्डर्स को नासवीके द्वारा आवेदन किया गया ।<br>• लोन मेला मे स्ट्रीट वेण्डर्स को भाग दिलाया गया । | जागरूक किया गया।<br>• वेंडोर्स के अधिकार के लिए 800 वेंडोर्स का हस्ताक्षर अभियान कराया गया।<br>• 250 सर्वेक्षीत वेंडोर्स को पहचान पत्र व प्रमाण पत्र दिलाया गया।<br>• सर्वेक्षण से बचे वेंडोर्स को पहचान पत्र व प्रमाण पत्र दिलाने के लिए लगातार निगम पर दबाब बनाया जा रहा है। |

**गत बैठक के कार्यवाही की संपुष्टी :**

अध्यक्ष की अनुमति से समन्वयक श्री अरविंद सिंह ने सितंबर 2018 में दिल्ली में हुए कार्यकारिणी समिति की गत बैठक के कार्यवाही को पढ़ कर के सब को सुनाया गया एवं गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टी की गई तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया |

राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुरोध पर समन्वयक ने गत कार्यकरणी के बैठक के बाद हुई गतिविधियो को समन्वयक के प्रतिवेदन के माध्यम से दिया| प्रतिवेदन के प्रति सभी सदस्यों को दि गई एवं एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सभी के समक्ष रखा गया |

**समन्वयक के प्रतिवेदन पर प्रति चर्चा**

**श्री गोकुल प्रसाद (लखनऊ)** - ने समन्वयक के प्रतिवेदन को सराहना करते हुए वर्तमान मे उत्तरप्रदेश के लखनऊ एवं हापुर मे हो रहे गतिविधियों को जोड़ा की जिस तरह से लखनऊ मे टीवीसी की अनदेखी कर, एवं पूर्व मे हुए पटरी वालों के सर्वे को नहीं मानकर नगर निगम द्वारा वेंडर्स के नियमन हेतु आवेदन मँगवाये जा रहे है वह गलत है, हमे तुरंत ही हाइकौर्ट मे अपील दायर करना चाहिए | सरकार के द्वारा जारी आर्थिक सर्वेक्षण का हम लोगों को विरोध करना चाहिए क्योंकि इसकी दिशा और दशा अभी तक तय नहीं है

**श्री संजय चोपड़ा (हरिद्वार)** ने कहा कि प्रतिवेदन बहुत ही अच्छा है | इसमें मेरे 3 सुझाव है | पहला - 2014 का कानून कैसे लागू हो इसके लिए राज्य स्तर पर ठोस रणनीति बनानी चाहिए| दूसरा - जिन राज्यो मे बीजेपी के सरकार है वहाँ मंत्री महोदय केंद्र का हवाला देकर सहयोग ले , और तीसरा - भारत सरकार नौकरी के साथ मिलकर एक समन्वय समिति का निर्माण करवाएं| मसूरी के रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए उन्होने नासवी को त्वरित कार्यवाही के लिए धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि नासवी के इस कार्य से वहां के स्थानीय वेंडर्स का मनोबल बहुत बड़ा है | उन्होने सुझाव दिया की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को एक दूसरे राज्यों में जाने की योजना बनानी चाहिए | उनका कहना है कि फ्लाईओवर के नीचे भिंडी बनाने के लिए सरकार से निवेदन किया जाना चाहिए |

**श्री गोपाल सिंह लोधी (जबलपुर)** ने कहा कि हम कब तक सरकार के पीछे दौड़ते रहेंगे | कानून को लागू करवाने मे जिलाधिकारी को शामिल करने से हमे काम करने में सहूलियत होगी | 2014 के कानून के तहत शिकायत निवारण समिति का गठन होना चाहिए| मध्य प्रदेश मे गठन हो गया है | आगे उन्होंने कहा कि नासवी से जुड़े संबद्ध संगठनों को बहुत ही मजबूती से अपने आप को अपने क्षेत्र में उतारना होगा यदि आप

ठोस रणनीति के साथ काम करेंगे तो सरकार और प्रशासन भी आपकी बातों को सुनेंगे | यदि हमें शिकायत निवारण समिति का गठन करवाना है तो अपने क्षेत्र में अपने राज्य में एक मजबूत रणनीति बनाने की जरूरत है|

**श्री ओमप्रकाश देवड़ा (जोधपुर)** ने समन्वयक के प्रतिवेदन के पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान में वेंडर्स की स्थिति काफी कमजोर है| TVC की बैठक नियमित रूप से नहीं हो रही है और सरकार टीवीसी की बैठकों को आमंत्रित करने में भी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं | उन्होंने कहा कि उनके यहां जिन लोग टीवीसी की ट्रेनिंग ली है वह सचमुच में काम नहीं कर रहे हैं| टीवीसी की बैठक में कहा गया कि पहले दुकानदार वेंडिंग ज़ोन तय करें तब हम दूसरी बैठक बुलाएंगे | सरकार की मंशा फुटपाथ दुकानदारों को शहर से बाहर करने में है| जयपुर में सभी वेंडर्स को उनकी जगह पर ही फिक्स करवाने के लिए सरकार व प्रशासन से पहल की गई है और इसमें हमें कुछ सफलता भी मिली है|

**श्री के राजीव (कालीकट -केरल)** ने कहा की केरल में सर्वेक्षण के बाद लगभग 25% वेंडर्स को वेंडिंग जोन में व्यवस्थित किया गया है| आईडी कार्ड बनाने के लिए निगम को आईडी कार्ड बनाकर वितरण के लिए निगम को सूची सौंप दी गई है|

**अनीस फातिमा शेख (मुंबई**) ने कहा कि मुंबई में दो बार वेंडर्स का सर्वे हो चुका है | टीवीसी का गठन भी हो चुका है | उन्होंने यह भी कहा कि करीब एक लाख वेंडर्स का सर्वे हुआ है जिसमें मात्र 16000 को ही पहचान पत्र दिया गया है | उन्होंने यह सुझाव दिया कि हर राज्य में नासवी एक कार्यशाला का आयोजन करें| पहचान पत्र वितरण नहीं करने का मुख्य कारण यह है की बहुत से लोगों के पास में निवास प्रमाण पत्र नहीं है उनके पास कोई अस्थाई कागजात नहीं है | इसलिए उनको किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है|

**श्री टाइगर सिंह (लुधियाना)** ने कहा कि वेंडिंग जोन के जगह पर सरकार के द्वारा निजीकरण किया जा रहा है, जिससे काफी शुल्क देना पड़ता है, जो काफी असहनीय है | आईडी कार्ड के रजिस्ट्रेशन शुल्क भी ज्यादा है इसे कम होना चाहिए|

**श्री शालीवन (तेलंगाना)** ने बताया कि तेलंगाना राज्य में स्ट्रीट पेंडर्स एक्ट अभी तक लागू नहीं किया गया है। स्किम बनाया लेकिन रूल्स नहीं बनाया है। नगर निगम के अधिकारी स्ट्रीट एंडोर्स एक्ट की अवहेलना करते रहे हैं।स्ट्रीट वेंडिंग समितियों में स्ट्रीट वेंडर्स का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है। टाउन वेंडिंग कमेटी मे अधिकारियों की एक कमेटी बनी है, जो इस तरह कार्य करती है जैसे कि वे व्यवसायी समिति के सदस्यों को कम नज़र से देख रही हों। तेलंगाना राज्य में वेंडिंग जोन्स कहीं नहीं पाए जाते हैं। नगर निगम के अधिकारियों को मूल वेंडिंग ज़ोन स्थापित करने का कोई विचार नहीं है। यह एक महत्वहीन विषय माना जाता है। तेलंगाना राज्य में अब तक सड़क विक्रेताओं का कोई सर्वेक्षण नहीं। सर्वेक्षण के लिए नगर निगम और एनयूएलएम अधिकारियों से कितनी बार पूछी गई है। कोऑपरेटिव सोसाइटी ऑफ स्ट्रीट ट्रेडर्स की मदद से बहुत कम स्ट्रीट वेंडर्स को आईडी कार्ड जारी किए गए हैं। कोऑपरेटिव सोसाइटी ऑफ स्ट्रीट ट्रेडर्स द्वारा पहचाने गए स्ट्रीट वेंडर्स को सीआई जी समूहों में संगठित किया जा रहा है और बैंकों के माध्यम से उन्हें उधार दिया जा रहा है। इस तरह, हैदराबाद में लगभग 50 स्ट्रीट वेंडर्स को लगभग रु 10 लाख तक का ऋण उपलब्भ हुआ है| हैदराबाद मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण के लिए हजारों स्ट्रीट वेंडरों को जबरन हटा दिया

गया है। उनके साथ कोई पुनर्वास नहीं जोड़ा गया। मेट्रो रेल स्टेशनों पर आवंटित भूखंडों में स्ट्रीट विक्रेताओं ने कोई अवसर नहीं है।

**मो. अनवर सारथी (कर्नाटक)** ने बताया कि नगर निकाय और नगर निगम के बीच तालमेल नहीं होने की वजह से वेंडर्स को काफी दिक्कतें हो रही हैं हमें विभाग से कोई भी सहयोग नहीं मिल पा रहा है |

**श्रीमति चंद्रावती देवी (पटना)** ने कहा कि वेंडर संगठन ज्यादा से ज्यादा नासवी से जुड़ना चाहते हैं उन्हें सभी को नासवी से जुड़ने का मौका दिया जाए |

**श्री अभिषेक निगम (वाराणसी)** ने कहा कि सभी वेंडर्स सर्वेक्षण हो चुका है कुछ 20% वेंडर्स छूटे है| वेंडिंग जोन तय किया जाना है लेकिन वहां पर परिचय पत्र नहीं दिया गया है| अभी पिछले हफ्ते 250 वेंडर्स को 3 वेंडिंग ज़ोन के लिए परिचय पत्र व वेंडिंग सर्टिफिकेट दिये गए है| वेंडिंग कमेटी के सदस्यों का प्रशिक्षण नासवी के द्वारा किया जाना अत्यंत आवश्यक है |

**श्री वी मंगेश्वरन (चेन्नई-तमिलनाडू)** ने बताया की स्मार्ट सिटी योजना के कारण बेदखली जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चेन्नई मे कई पुरानी और विरासती बाज़ार को हटाया गया है| विशेष रूप से त्रिची में सेवापल्ली से थुवकुडी तक के रास्ते में, ठेकेदार के द्वारा सर्विस लेन बनाने के नाम वेंडरों को बेदखल किया जा रहा है।

**श्री देबोजित सेनापति (गौहाटी आसाम)** ने बताया की असम ले लगभग सभी बड़े ULB में TVC का गठन किया गया है, लेकिन इसे जल्दबाजी में बनाया गया है | 25 में से केवल 11 ULBs में ही कुछ विक्रेताओं को पहचान पत्र जारी की गई है। किसी भी ULB में वेंडिंग सर्टिफिकेट जारी नहीं किए गए हैं और न ही कोई वेंडिंग प्लान ही बना है । गौहाटी मे जो काम पिछले साल हुए थे उन सभी को रद्द कर दिये | NULM की क्या भूमिका है यह स्पष्ट भी नहीं होता है|

**सभी की बाते ध्यान पूर्वक सुनने के बाद अध्यक्ष श्री चन्द्रप्रकाश सिंह ने कहा की समन्वयक के** प्रतिवेदन के परिचर्चा मे सभी राज्यों से काफी अच्छा एवं मिश्रित संदेश व सुझाव आया है, इसे आगे अपनी कार्ययोजना बनाने में भी हमें आसानी होगी | नासवी ने जो मॉडल खड़ा किया है वह अपने आप में एक बहुत ही प्रशंसनीय मॉडल है | उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण के विरोध करने के वाजय इस पर हम लोगों को नजर रखना चाहिए इसे रोकना या विरोध करना उचित नहीं है और पर दृष्टि रखने की आवश्यकता है|

**चर्चा के उपरांत समन्वयक श्री अरविंद सिंह ने प्रत्युत्तर में कहा कि -**

- मुद्रा लोन कैसे मिलता है, इसकी क्या प्रक्रिया है इस पर नासवी शीघ्र ही एक पर्चा प्रकाशित करेगी |
- आज के तारीख में जब केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय कानून बना दिए हैं, राज्यों ने नियमावली बना दी है, इस स्थिति में हमें हाई कोर्ट जाने से बहुत फायदा नहीं होने वाला है बल्कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की जिम्मेवारी है यह राज्यों में कानून का पूर्णरूपेण लागू करवाएं उनके पास में फंड भी है और इस पर उन्हें ही काम करना है अतः हमें अपनी अपनी उर्जा उनके काम के ऊपर में लगाने की जरूरत है |

- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत सपोर्ट ऑफ अर्बन स्ट्रीट वेंडर्स प्रोग्राम चल रहा जिसके तहत उन्हें वेंडर्स का सर्वे करवाना वेंडिंग जोन बनाना सिटी बिल्डिंग प्लान बनवाना अच्छी एजेंसी का चयन करना इत्यादि सब काम उनके जिम्मे है |
- वेंडर्स से संबन्धित विभिन्न मुद्दो पर छोटी-छोटी फिल्म की क्लिप बनाई जाएगी |
- विरासत बाजार पर भी हम लोगों को ध्यान रखने की और निरंतर आवश्यकता है, प्राकृतिक बाजारों के बारे में भी हमारे सोचना चाहिए|
- डिविजनल कमिश्नर से भी बातचीत किया जा सकता है जो अधिकारी हमें परेशान करते हैं उन्हें लक्ष्य करके हमें बड़े पदाधिकारियों से मिलने चाहिए |
- कमेटी की बैठक में सदस्यों को खुल कर बात करना चाहिए |
- स्टेट लेवेल कमेटी की बैठक प्रति तिमाही जरूर होनी चाहिए | इसे कार्य जोजना मे भी शामिल किया जाएगा|

**स्ट्रीट फूड कार्यक्रम**

स्ट्रीट फूड कार्यक्रम के समन्वयक सुश्री संगीता सिंह ने भारत में नासवी के द्वारा स्ट्रीट फूड फेस्टिवल एवं स्ट्रीट फूड कार्यक्रम के बारे में चर्चा किया उन्होंने कहा कि हमें निरंतर FSSAI का सहयोग मिल रहा है| उन्होंने शहरी समृद्धि उत्सव में स्ट्रीट फूड फेस्टिवल के बारे भी समिति को बताया | उन्होंने बताया कि अगले वर्ष अन्तराष्ट्रिय स्ट्रीट फूड फेस्टिवल का आयोजन हो सकता है| उन्होंने यह भी कहा कि हम स्ट्रीट फूड कार्यक्रम को इस स्तर पर ले कर के आए हैं की अब देश के अंदर स्ट्रीट फूड के बारे में बात की जा रही है, इसलिए फूड वेंडर्स को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए ट्रेनिंग आयोजित किए जा रहे हैं | उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में उड़ीसा में काफी अच्छी ट्रेनिंग हुई है, तेलंगाना में भी हम ट्रेनिंग करने जा रहे हैं जहां हम हेल्थ न्यूट्रिशन एंड हाइजीन के ऊपर में काफी ध्यान देंगे |

10वे स्ट्रीट फूड फेस्टिवल पर पुनरवोलकन करते हुए कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे सदस्यो द्वारा उठाए गए जिस पर निर्णय हुआ की क्यो न एक समिति का गठन किया जाय, सभी सदस्यो की सहमति बनी की -

- स्ट्रीट फूड वेंडर के साथ समिति गठित की जाएगी।
- कार्यकरणी समिति के सदस्य समिति के लिए सदस्य मनोनीत करेंगे।
- 3-लीडर / कार्यकरणी समिति सदस्य, वेंडर को सुविधा दिलाने की भूमिका में होंगे और लाभ में हिस्सेदारी के हकदार होंगे।
- लाभ का निर्णय समिति द्वारा किया जाएगा।
- नेशनल स्ट्रीट फ़ूड फेस्टिवल के लिए स्टाल का मालिक एक स्ट्रीट फूड वेंडर होगा।
- स्टॉल खाद्य विक्रेताओं द्वारा नियंत्रित किये जाएंगे वे अपनी मदद के लिए हेल्पर ले सकते हैं, लीडर / ईसी सदस्य उनके नाम और सुविधा प्राप्त कराने में मदद करेंगे।
- फेस्टिवल के सभी घटना क्रम पर समिति में विस्तार से चर्चा की जाएगी।

**सदस्यता एवं नई सदस्यता को मंजूरी**

वरीय प्रबन्धक राकेश त्रिपाठी ने बताया की वर्तमान मे असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, गुजरात, गोवा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मणिपुर, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तरांचल, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पंजाब, और मेघालय, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और जम्मू और कश्मीर आदि राज्यों के 758 संगठनों के 927483 सदस्यों की है। साथ ही उन्होने 24 नए सदस्यो

सदस्यता के मंजूरी के लिए आवेदन पत्र प्रस्तावित किए, जिसमे चर्चा उपरांत 11 आवेदन को मान्यता दी गई एवं लिए 12 के लिए पूरी लिस्ट उपलव्ध करवाने एवं विस्तृत जानकारी लेने हेतु कार्यालय को निर्देश दिये गए| 1 व्यक्तिगत सदस्यता के अवदेन को अस्वीकृत किया गया |

| क्रम | संगठन का नाम | राज्य | अनुमोदन |
|---|---|---|---|
| 1 | नई वरोदरा स्ट्रीट विक्रेता समूह | गुजरात | हाँ |
| 2 | जोधपुर फूड कॉर्नर यूनियन | राजस्थान | हाँ |
| 3 | व्यक्तिगत प्रोफ़ाइल | पंजाब | हाँ |
| 4 | वेलकोम जनता कॉलोनी फूटपाथ विक्रेता | दिल्ली | हाँ |
| 5 | पालि राजसंहं वदत सिंघाण पालि | राजस्थान | लिस्ट आने के बाद |
| 6 | एस डब्लू लीलावती माहिला और बाल विकास संस्थान | मध्य प्रदेश | लिस्ट आने के बाद |
| 7 | केसर बाघ शहरी गरीब पटरी दुकानदार कल्याण समिटि | उत्तर प्रदेश | हाँ |
| 8 | जागरण संथान | उत्तर प्रदेश | लिस्ट आने के बाद |
| 9 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सुवर्णा, कर्नाटक | कर्नाटक | लिस्ट आने के बाद |
| 10 | मितयिपुल आरहरि पटरी एकटा संतनाथ | MITHAYIPUL | हाँ |
| 11 | पटरी दुकानदार सेवा समिति | उत्तर प्रदेश | लिस्ट आने के बाद |
| 12 | जरन्धा रेहरि पटरी सनातन | दिल्ली | लिस्ट आने के बाद |
| 13 | रेहरि पटरी एकता मांच दिलशाद गर्डन | दिल्ली | हाँ |
| 14 | गोनडा साप्ताहिक बाज़ार एकता मंच | दिल्ली | लिस्ट आने के बाद |
| 15 | कर्णकटक बदि बदि विपरीगला सँ वाका | कर्नाटक | लिस्ट आने के बाद |
| 16 | K.B.B.V संघ | कर्नाटक | लिस्ट आने के बाद |
| 17 | कर्णकटक बदि बदि वेपारी सनाथन | कर्नाटक | लिस्ट आने के बाद |
| 18 | बरारि नाथु पुरा रेहरि पटरी सनाथन | दिल्ली | लिस्ट आने के बाद |
| 19 | फ़ोटपाथ विक्रिता सनाथन-रहमान चौक | दिल्ली | हाँ |
| 20 | कनाट प्लेस रेहड़ी पाटी एक्टा यूनिअन | दिल्ली | लिस्ट आने के बाद |
| 21 | व्यक्तिगत प्रोफ़ाइल-अधिवक्ता | दिल्ली | नहीं |
| 22 | मसूरी स्ट्रीट वेन्डर्स वेलफ़ेयर | उत्तराखंड | हाँ |
| 23 | सब्जी मंडी असोशिएशन मोलर बंड | दिल्ली | हाँ |
| 24 | रेहरि पटरी एकता मंच, जनता फ्लैट सरिता विहार | दिल्ली | हाँ |

**निर्णय**

- नए मेम्बर को नासवी के तरफ से सदस्यता अनुमोदन के बाद सदस्यता किट भेजी जाय|
- अवदेन फोरम मे एक कॉलम जोड़ा जाय की यह सदस्यता किसके माध्यम से आई है |
- सभी सदस्यो को उनके बकाया सदस्यता शुल्क की सूचना 2018 के पूर्व 50 पैसे प्रति सदस्य एवं 2019 से 1 रु प्रति सदस्य के हिसाब से भेजी जाय| राज्य वार सूची वहाँ के कार्यकरणी सदस्यो को भी भेजा जाय|

**वित्तय प्रतिवेदन**

नासवी के कोषाध्यक्ष श्री कमलेश कुमार ने 01/07/2018 से 31/05/2019 तक का लेखा जोखा समिति के समक्ष रखा एवं इसकी एक प्रति सभी सदस्यो को भी दी गई| परिचर्चा उपरांत सभी सदस्यो ने सर्व सम्मति से इसे पारित किया|

***साथ ही कोषाध्यक्ष ने कुछ प्रस्ताव भी रखे-***

- नासवी के वित्तीय वर्ष 2018-19 अंकेक्षण हेतु झा अँड एसोशिएट को नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सभी सदस्यो ने अपनी सहमति प्रदान की |
- बिहार मे नासवी का एक सब एफ़सीआरए अकाउंट खोलने पर चर्चा हुई ताकि यहा के परियोजना कार्य को सुचारु रूप से चलाया जा सके| सहमति बनी की उक्त खाता आरबीआई द्वारा मान्यता प्राप्त किसी राष्ट्रीयकृत बैंक मे खोला जाय एवं इसका संचालन परियोजना प्रबन्धक श्याम शंकर दीपक एवं कार्यकरणी सदस्य चंद्रवंती देवी के संयुक्त हस्ताक्षर के किया जाएगा| इस पर सभी सदस्यो ने सहमति प्रदान की |
- दिल्ली मे Axix Bank मे नासवी कार्यालय के एड्रैस मे परिवर्तन हेतु केवाईसी जमा कवाना आवश्यक है इस पर सभी सदस्यो ने अपनी सहमति व्यक्त की एवं अपने हस्ताक्षर बनाए|

**वार्षिक आम सभा पर चर्चा**

वार्षिक आम सभा के स्थान एवं समय के उपर गहन चर्च हुई एवं सभी सदस्यो के व्यक्तिगत सुझाव एवं सन्दर्भ भी लिए गए | चर्चा उपरांत दिल्ली, मुंबई, बंगलोर, देहरादून इत्यादि नाम उभर कर आए | आम सहमति बनी की दिल्ली या बंगलोर मे जहां भी सुविधा हो वहाँ कर लिए जाय| समय अगस्त या सितम्बर मे हो सकता है|

**सेल्फ ग्लोबल वोर्कर पर चर्चा**

समन्वयक श्री अरबिन्द सिंह ने बताया की स्ट्रीटनेट से कुछ सदस्य संगठनों के बाहर निकलने, और स्ट्रीटनेट में शासन के तरीके के बारे में अन्य संबद्ध संगठनों से आने वाले नकारात्मक तथ्यो ने हमें अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के अंदर और बाहर स्व-नियोजित श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक नए संगठन का गठन करने के लिए प्रेरित किया है। सेल्फ वर्कर्स ग्लोबल नामक इस नए संगठन में एनजीओ की नहीं, बल्कि पेशेवर एसोसिएशन के क़ानून हैं। पेशेवर संघों पर अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार, स्पेन के आंतरिक मामलों के मंत्रालय द्वारा अनुमोदित क़ानूनके तहत उयाह पंजीकृत है । एसडब्ल्यूजी अपने प्रत्येक सदस्य संगठन को बिना किसी रुकावट के, बिना किसी हस्तक्षेप के आवाज देगा। हम चाहते हैं कि एसडब्ल्यूजी में ट्रेड यूनियन का चरित्र के साथ-साथ प्रतिनिधित्व, दावा और रक्षा विशेषता भी हों।

सदस्यो ने इसके लिए समन्वयक को धन्यवाद देते हुए एशिया क्षेत्र मे इसे मजबूत बनाने पर बल दिया |

**कार्य योजना**

नासवी समन्वयक ने एक विस्तृत कार्य योजना एवं चुनौतियों से संबन्धित एक पत्र प्रस्तुत की एवं इसकी प्रति सभी सदस्यो की वितरित की गई | सम्पूर्ण विषयगत परिचर्चा उपरांत एक विस्तृत कार्य योजना बनी|

- सतही स्तर पर वेंडर्स को मजबूत करने हेतु मार्केट कमेटी का गठन करना एवं उन्हे प्रशिक्षित करना जरूरी है |
- शहर एवं स्टेट लेवेल कमेटी क्षमता वर्धन पर जोर देना होगा|
- नासवी के कार्यकरणी सदस्यो को ट्विटर अकाउंट हंडेलिंग के लिए प्रशिक्षण किया जाएगा|
- कार्यकरणी समिति की बैठक को अलग अलग जगह पर भी करने का योजना बनाई जाएगी|
- कार्यकरणी समिति मे से ही एक सदस्य को दूसरे राज्य का प्रभारी बनाया जाय| नासवी उक्त प्रभारी के यात्रा भत्ता की व्यसथा करेगी एवं स्थानीय संगठन उनके आवास एवं भोजन एवं स्थानिये यात्रा की व्यसथा करेगी|
- टीवीसी के सदस्यो को लगातार प्रशिक्षण करवाने की जरूरत है|
- टीवीसी की बैठक में सदस्यों को खुल कर बात करने हेतु प्रायप्त मात्रा मे जानकारी रखनी होगी|
- वेंडर्स से संबन्धित विभिन्न मुद्दो पर छोटी-छोटी फिल्म की क्लिप बनाई जाएगी |
- लीडरशिप विकास के लिए फोन बेस्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम पर विचार किया जाय|
- विरासत बाजार के संरक्षण पर एवं प्राकृतिक बाजारों के विकास हेतु टीवीसी मे चर्चा करनी होगी||
- वितत्य सुविधा, या मुद्रा लोन की प्रक्रिया से सभी सदस्यो को अवगत करवाया जायेगा|
- सदस्यो को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु सहकारी समिति को बढ़ाने एवं बनने की जरूरत पर बल दिया जाएगा |
- ग्रीवान्स रेड्रेसेल कमेटी बनाने हेतु नासवी भी सभी राज्यो को पत्र लिखेगा|
- वेंडिंग शुल्क निर्धारण हेतु केंद्र से एक दिशा निर्देश निकलवाने हेती पहल किया जाएगा|
- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं स्मार्ट सिटी एजेंसी के सतह मिलकर कार्य किया जाएगा एवं उनके फंड का सही सदुपयोग हो यह सुनिश्चित किया जाएगा |
- मुंबई मे बड़ा कार्यक्रम करने एवं वहाँ की घटनावों पर लगातार नज़र रखने की रणनीति हो |
- वेंडिंग ज़ोन कैसे बनने चाहिए इसपर एक पत्र नासवी बनाएगी|
- नासवी का ई न्यूज़ लेटर सभी तक उपलव्ध हो इसपेर सघन रूप से ध्यान दिया जाएगा|
- नासवी नए दाता संगठनो की खोज करेगा एवं वर्तमान मे सहयोग कर रहे संगठनो को इससे संबन्धित नए प्रस्ताव देगा|
- पीआईएल एवं विभिन्न अदालतों मे चार रहे वेंडर्स से संबन्धित मामलो पर नासवी नज़र रखे जीआई एवं सदस्य संगठन भी नासवी को सूचित करेंगे|
- 20 वीं जनवरी को विक्रेताओं दिवस के रूप में मनाया जाएगा ।
- किसी शहर या संगठन को संकट की स्थिति मे मदद की प्रक्रिया तेज की जाएगी|
- स्ट्रीट फूड फेस्टिवल पूर्व की तरह आयोजित किए जाएगे एवं नई संभावनाओ को भी देखा जाएगा|
- स्ट्रीट फूड वेंडरों के लिए प्रशिक्षण की व्यसथा की जाएगी|
- सेल्ग वोर्कर ग्लोबल के लिए एशिया क्षेत्र मे कार्य किए जाएंगे |

अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई|